


## एक नजर में

### हर माह भगवान जगन्नाथ की महाआरती में श्रद्धालुओं का लग रहा है तांता



**मन्दसौर।** 'जगत् के नाथ तू न संभाले तो हमें कौन संभाले' की पुकार के साथ भक्त अपने प्रभु के दर्शनों के लिए उमड़ रहे हैं। भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों की मनोकामनाएं भी पूर्ण कर रहे हैं। इस कारण श्रद्धालुओं की आस्था दिनोंदिन बढ़ रही है। शिवना नदी तट पर भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के सामने 500 वर्ष से अधिक प्राचीन पुरी (उड़ीसा) के प्रतिरूप मध्य प्रदेश के एकमात्र सिद्ध स्थल पर भगवान जगन्नाथ बलभद्र व सुभद्राजी के काष्ठ के विग्रह विराजित हैं। महाआरती में प्रसाद की व्यवस्था यजमान श्री घनश्यामजी भावसार की ओर से की गई। श्रृंगार भक्त किशोरकुमार बिजानी की ओर से किया गया। इस अवसर पर पंकज अग्रवाल, रामनारायण गंधर्व, विश्वनाथ गढ़िया, अमृतकुमार पोरवाल, अर्चना गंगवाल, सुशीला नामदेव आदि ने अपने भावपूर्ण भजनों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। ऐतिहासिक प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य भी निरन्तर जारी है। जीर्णोद्धार कार्य में भक्तों का सहयोग मिल रहा है। महाआरती में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा व बच्चों ने अपने हाथों से अपने प्रभु की आरती उतारकर आनंदित हुए।

### बिना अनुज्ञा गेहूं परिवहन पर मंडी प्रशासन की कार्रवाई, 28,194 की वसूली




**मंदसौर।** मंडी सचिव मंदसौर लक्ष्मण सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि मंदसौर-नीमच जिला संभागीय निरीक्षण दल द्वारा मंडी क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक स्व्व43त2153 को रोककर जांच की गई। वाहन में 120 क्विंटल गेहूं का परिवहन किया जा रहा था, किंतु परिवहन हेतु आवश्यक कृषि उपज अनुज्ञापत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर निरीक्षण दल द्वारा प्रकरण में पांच गुना शुल्क 22,230, निराश्रित शुल्क 2,964 तथा समझौता शुल्क 3,000 सहित कुल 28,194 की राशि वसूल की गई।

### सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याण शिविर आयोजित

**मंदसौर।** जनपद पंचायत मंदसौर में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार मौजूद थे। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत और गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा भव्य आयोजन

▸ **योग का प्रभाव शारीरिक ही नही मानसिक विचारों पर भी सकारात्मक रूप में पड़ता है- मुनिश्री प्रणम्यसागर महाराज**



**मन्दसौर।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, जिला प्रशासन व सकल जैन समाज मंदसौर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून रविवार को शहर के नूतन स्टेडियम में दिगंबर जैन मुनिश्री प्रणम्यसागर महाराज की निश्रा में विशाल योग साधना कार्यक्रम का आयोजन होगा। मुनिश्री प्रणम्यसागर द्वारा प्रणीत अर्हं योग की साधना भी इस ऐतिहासिक आयोजन में कराई जाएगी। कार्यक्रम में मंदसौर शहर के सभी समाज, सभी संस्थाएं, विद्यार्थी, व्यापारी वर्ग तथा सभी योग प्रेमी सम्मिलित होकर भव्यता प्रदान करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के वृहद आयोजन के निमित्त 17 जून, बुधवार को स्थानीय तारबंगला पर प्रणम्यसागर जी महाराज की पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकारवार्ता में मुनिश्री ने बताया ध्यान योग भारत वर्ष की असंख्य वर्षों की प्राचीन पद्धति है योग का प्रभाव शारीरिक ही नही मानसिक विचारों पर भी सकारात्मक रूप में पड़ता है। ध्यान से आत्मशक्ति बढ़ती है। एक प्रश्न के उत्तर में मुनिश्री ने कहा जिम में जाकर शरीर के साथ खिलवाड़ ना करें। आपने कहा कि राजनीति को धर्मनीति के साथ जोड़कर चलने के लिए गुरू की आवश्यकता होती है। मुनिश्री ने कहा शराब व कत्लखानों से ही सरकार को रेवेन्यू सबसे अधिक मिलता है इसलिए सरकार इन्हे बंद कराने की दिशा में कार्य नहीं कर रही।

मुनिश्री ने अर्हं योग के बारे में जानकारी देते हुए बताया अर्हं योग साधना स्वस्थ तन, प्रसन्न मन और निर्मल चेतना का उपहार प्रदान करती है। जो आत्मा संसार परिभ्रमण से मुक्त हो गई है उसे एक शब्द में अर्हं कहा जाता है। उन्होंने कहा 'ॐ' शक्ति का प्रतीक है व 'अर्हं' से विचारो में पवित्रता आती है। अर्हं योग आत्मविश्वास बढ़ाने और बुद्धि को स्थिर रखकर संसार की चिंताओं से मुक्त रहते हुए सुख और शांति प्राप्त करने का अद्भुत माध्यम है।

मीडिया प्रभारी डॉ. चंदा कोठारी ने बताया कि मुनिश्री की यह योग साधना जन-जन के लिये वरदान है। ग्यारह वर्ष पूर्व मंदसौर में चातुर्मासिक प्रवास के दौरान बीज रूप में अर्हम योग की शुरुआत हुई थी।

> मंदसौर नगर का सौभाग्य है कि ऐसे महान तपस्वी, दिगंबर संत मुनिश्री प्रणम्य सागर जी जन-जन और प्राणीमात्र के प्रति करुणा का भाव रखते हुए 21 जून को नूतन स्टेडियम में हजारों योग प्रेमियों को अर्हं योग साधना करवाकर उनके जीवन की दशा और दिशा बदलने का उपक्रम करेंगे। मुनिश्री प्रणम्य सागर न केवल अर्हं योग प्रणेता हैं, बल्कि महान अध्यात्मवेत्ता, चिंतक, विचारक, कवि, लेखक, साहित्यकार व महान तपस्वी हैं। आपकी विशिष्ट प्रवचन शैली श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाली रहती है। जन-जन की आस्था के केंद्र मुनिश्री प्रणम्यसागर महाराज आत्मा में आनंद की अनुभूति कराने व सफल व शांत जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, महामंत्री शेखर कासमा व समाजजन सर्वश्री शांतिलाल बड़जात्या, डॉ. राजकुमार बाकलीवाल, नरेश दोशी, नंदकिशोर अग्रवाल, राजमल गर्ग, अजय बाकलीवाल, जयकुमार बड़जात्या, अरविंद मेहता, संजय दोशी, भूपेन्द्र कोठारी, भरत कोठारी, जितेन्द्र कोठारी, संदीप जैन, समर गांधी, डॉ. चंदा कोठारी एवं महिला प्रकोष्ठ की सदस्याएं उपस्थित थी। संचालन डॉ. चंदा कोठारी ने किया, आभार सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन ने व्यक्त किया।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न



**पिपलियामण्डी।** वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर बुधवार को ग्राम मुंदेड़ी में एनएसयूआई द्वारा श्रद्धांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन एवं आदर्शों को याद किया गया।

## महाराणा प्रताप सागर में राष्ट्रीय प्रशिक्षण हेतु राघव जैन का चयन

**मंदसौर। मध्य प्रदेश के मंदसौर निवासी एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र राघव जैन का चयन हिमाचल प्रदेश के प्रतिष्ठित *ह्लal Bihari Vajpayee Institute of Mountaineering and Allied Sports* द्वारा आयोजित बेसिक वॉटर स्पोर्ट्स कोर्स के लिए हुआ है। विशेष बात यह है कि आज महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर यह उपलब्धि सामने आई है और राघव को प्रशिक्षण के लिए कांगड़ा जिले स्थित महाराणा प्रताप सागर (पोंग डैम) भेजा गया है, जिससे परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण है।**

राघव जैन 17 जून से 30 जून तक आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण



कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह प्रशिक्षण हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध जलाशय महाराणा प्रताप सागर में आयोजित किया जा रहा है, जो देश में जल क्रीड़ा और साहसिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है।

प्रशिक्षण के दौरान राघव को नौकायन, कयाकिंग, जल सुरक्षा, तैराकी कौशल, बचाव तकनीकों तथा विभिन्न वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कोर्स युवाओं में नेतृत्व क्षमता, साहस, अनुशासन, टीम भावना और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में निर्णय लेने की योग्यता विकसित करने के उद्देश्य से संचालित किया जाता है।

राघव जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि वे प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मंदसौर, मध्य प्रदेश और अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप सागर में प्रशिक्षण प्राप्त करना उनके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। राघव के चयन पर क्षेत्र के नागरिकों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उनका मानना है कि यह उपलब्धि जिले के युवाओं को साहसिक खेलों और राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी। मंदसौर के लिए यह गौरव का क्षण है कि यहां का एक युवा राष्ट्रीय स्तर के साहसिक खेल प्रशिक्षण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने जा रहा है। राघव जैन की यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरे जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा और उत्साह का स्रोत भी है।

## जग्गाखेड़ी में निवेश की नई दस्तक, औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तार

**मंदसौर।** मंदसौर के जग्गाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में एक बार फिर नए निवेश और उद्योगों का रास्ता खुला है। एमपीआईडीसी ने यहां आठ नए औद्योगिक प्लॉट निकाले हैं, जिनकी ई-बिडिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। खास बात यह है कि क्षेत्र में पहले उपलब्ध सभी औद्योगिक प्लॉट आवंटित हो चुके थे और नए निवेशकों के लिए जमीन नहीं बची थी, जबकि औद्योगिक भूखंडों की लगातार मांग बनी हुई थी। ऐसे में अनुपयोगी पड़ी जमीन को विकसित कर नए औद्योगिक प्लॉट तैयार किए गए और उनकी बिडिंग खोल दी गई। जग्गाखेड़ी के इन नए भूखंडों को लेकर पहले से ही कई निवेशकों ने रुचि दिखाई है। इन प्लॉटों के आवंटन से क्षेत्र में औद्योगिक विस्तार को और गति मिलने की उम्मीद है।

एमपीआईडीसी ने प्रदेशभर में 213 औद्योगिक प्लॉट ई-बिडिंग के माध्यम से आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू की है। इनमें मंदसौर का जग्गाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र भी शामिल है। माना जा रहा है कि यहां नए निवेश आने के साथ रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को लाभ मिलेगा। जग्गाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेज-1 में आठ नए औद्योगिक प्लॉट निकाले गए हैं। इनमें दो प्लॉट 1469.77 वर्गमीटर (करीब 15,820 वर्गफीट) क्षेत्रफल के हैं, जबकि छह प्लॉट 1153.74 वर्गमीटर (करीब 12,419 वर्गफीट) क्षेत्रफल के हैं।

**▸ छोटे जिलों में दिख रहा औद्योगिकीकरण का असर**

प्रदेश में छोटे और मध्यम शहरों को औद्योगिक नक्शे पर मजबूत करने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल का असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। सरकार का फोकस मंदसौर, विदिशा, मंडला, कटनी और अन्य जिलों में भी उद्योगों के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। यह सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों और निवेश प्रोत्साहन प्रयासों का ही परिणाम है कि छोटे जिलों में भी उद्योग स्थापित करने के लिए निवेशकों की रुचि लगातार बढ़ रही है। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आज निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। उनकी दूरदर्शी सोच के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलित औद्योगिक विकास पर काम किया जा रहा है।

### पोलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउंसलिंग प्रारंभ

**मंदसौर।** शिवशंकर शर्मा शा. पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर प्राचार्य द्वारा बताया गया कि कार्यालय अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, आयुक्त, तकनीकी शिक्षा संचालनालय भोपाल द्वारा शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर में त्रिवर्षिय डिप्लोमा इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की कांउसलिंग आरंभ हो चुकी है,

# नीमच

## एक नजर में


### विनोद रत्नावत का निधन, पंचतत्व में विलीन



**नीमच।** पोरवाल समाज के वरिष्ठ सदस्य रामप्रसाद रत्नावत इंजीनियर के सुपुत्र विनोद रत्नावत इंजीनियर जो की भीलोसा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड रखोली सिलवासा दमम दीप में निधन हो गया है लगभग उम्र 52 वर्ष के आसपास थी हंसमुख मिलनसार व्यक्तित्व के धनी विनोद लगभग 25 वर्षों से इंजीनियर के पद पर कार्य थे हार्ट अटैक की वजह से आपका दुखद निधन हुआ है मनोज रत्नावत के छोटे भाई एवं देवेन्द्र रत्नावत के बड़े भाई स्व आकाश एवं आयुष के काका साहब एवं सौम्य के बड़े पापा तनीषा और शोर्य के पूज्यनीय पिता थे आप अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं हमेशा ही समाज के क्षेत्र में अग्रण रहे हैं जिनकी शवयात्रा बुधवार 17.06.2026 को प्रात: 9:00 बजे निज निवास से रोडवेज बस स्टैंड के पास मुक्ति धाम ले जाएगी जहां पर शोक सभा में बंशीलाल धनौतिया प्रकाश मंडवारिया गोविंद पोरवाल राधेश्याम सेठिया गरोठ रामविलास मंडवारिया मनासाशांतिलाल गुप्ता मुकेश पोरवाल प्रेम नारायण गुप्ता मनीष चौधरी पवन जैन गिरीश मानवत सुभाष तुगनावत सत्येंद्र बना राजेंद्र शर्मा प्रोफेसर के एल जाट सहित अनेक धार्मिक संस्थाओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की उठावना गुरुवार 18 जून 2026 दोपहर 2:00 बजे स्वर्णकार धर्मशाला नीमच पर रखा गया है।

### राज्यसभा चुनाव में नामांकन निरस्त करने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, चुनाव आयोग का पुतला फूंका

**मनासा।** नीमच जिले के मनासा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनासा, रामपुरा एवं कुकड़ेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में राज्यसभा निर्वाचन के दौरान नामांकन फार्म निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए चुनाव आयोग का पुतला दहन किया। इस दौरान डीजल एवं खाद की किल्लत तथा लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में कारगिल चौक से मौन जुलूस निकाला गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर एडीएम कार्यालय पहुंचे। एडीएम कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को कोरा ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया, लेकिन अधिकारियों द्वारा ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्याम सोनी ने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर कई बार प्रशासन को ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन किसी भी मुद्दे पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई।





## योग प्रतियोगिता के साथ 15 दिवसीय समर योगा कैंप का समापन

**नीमच। पतंजलि भारत स्वाभिमान ट्रस्ट नीमच द्वारा विकास नगर 14/2 स्थित यातायात पार्क में आयोजित 15 दिवसीय समर योगा कैंप का समापन रविवार को बच्चों की योग प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया।**

शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योग शिक्षक एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट नीमच के जिला प्रभारी पुखराज साहू ने बच्चों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का नियमित प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए ताड़ासन, चक्रासन, धनुरासन, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, त्राटक तथा शारीरिक संतुलन के लिए गरुड़ासन, ध्रुवासन और नटराज आसन का अभ्यास कराया। वहीं बेहतर पाचन एवं स्वास्थ्य लाभ के लिए उत्थित पद्मासन, मयूरासन और कपालभाति का अभ्यास भी करवाया गया।

समापन अवसर पर आयोजित योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। शिविर के सफल संचालन में सुनेनी यादव, प्रवीण कुमार आर्य, कँवरलाल धाकड़, दुर्गाशंकर कोली एवं बाबूलाल गौड़ का विशेष सहयोग रहा।

### 91वां सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ संपन्न

**मनासा।** अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के विद्वान, रामराष्ट्र आराधक, युवा, साहित्याचार्य, ओजस्वी वक्ता संत श्रीचेतनराम जी की पावन प्रेरणा से मंदिरो की पवित्र नगरी में धर्म, आध्यात्म, संस्कार को जीवन में आत्मसात करते हुए सामाजिक सद्भाव व समरसता का भाव जीते हुए श्रीहनुमान चालीसा पाठ व सत्संग की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है इसी क्रम में 91वां पाठ चौधरी कालोनी स्थित श्रीरुपेश्वर महादेव मंदिर पर सम्पन्न हुआ। लाभार्थी श्रीनन्दकिशोर चौधरी व्दारा सपरिवार श्रीहनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर सत्संग का प्रारंभ किया। भजन गायक राजकुमार मारू ने सभी भक्तो को सचेत करते हुए 'मेरे बालाजी की दुकान में सब भक्तो का खाता' भजन प्रस्तुत किया तो निरंजन पाराशर ने 'शिव शंकर भोला भंडारी' भजन से महादेव की स्तुति की वहीं सत्यनारायण सोनी ने अपने भजन 'कैलाश के निवासी नमो बार-बार हो' से शरणागति भाव प्रकट किए।



## पैदल चल रहे भाई-बहन को ट्रक ने कुचला

**नीमच।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र में कृषि उपज मंडी की पुलिया के पास मंगलवार शाम तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से भाई-बहन घायल हो गए। हादसे में 7 साल के बच्चे का पैर पंजे से अलग हो गया, जबकि उसकी 12 साल की बहन के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

खेत से घर लौटते समय हादसा

जानकारी के अनुसार, चौकन्ना बालाजी क्षेत्र निवासी संतोष बाई मंगलवार शाम खेत से काम खत्म कर अपने पोते शुभम (7) और पोती नेहा (12) के साथ पैदल घर लौट रही थीं।



## जावद में गिट्टी-पत्थर ले जा रहे डंपर-ट्रैक्टर जब्त

**नीमच।** जावद में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने जावद क्षेत्र से तीन वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई मंगलवार को की गई। वाहन अवैध रूप से गिट्टी और खंडा पत्थर का परिवहन कर रहे थे।

खनि अधिकारी गजेंद्र सिंह डावर के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में खनि निरीक्षक शिवानी साहू और प्रभारी खनि निरीक्षक सुनील जाधव भी शामिल थे। जब्त किए गए वाहनों में एक डंपर (क्रमांक *MPvyZJ0238*), एक स्वराज 834 ट्रैक्टर और एक महिंद्रा 275 ट्रैक्टर शामिल हैं।

**एक नजर** ▸ चार दशक की निष्कलंक सेवा में बनाई विशिष्ट पहचान, पत्रकारिता एवं प्रशासनिक क्षेत्र में रहे सम्मानित चेहरा

## पीआरओ जगदीश मालवीय का तबादला, आगर मालवा भेजे गए

**नीमच।** मध्यप्रदेश शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी तबादला आदेशों में नीमच के जिला जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) जगदीश मालवीय का स्थानांतरण आगर मालवा कर दिया गया है। वहीं उमरिया में पदस्थ सहायक जनसंपर्क अधिकारी अरुणेंद्र सिंह को नीमच जिले का नया जिला जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है। तबादला सूची में मंदसौर और रतलाम जिले के जनसंपर्क अधिकारी भी शामिल हैं।

आदेशानुसार मंदसौर के जिला जनसंपर्क अधिकारी ईश्वरलाल चौहान का स्थानांतरण रतलाम किया



गया है, जबकि आगर मालवा में पदस्थ शकील अहमद को मंदसौर जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नीमच में लंबे सेवाकाल के दौरान बनाई अलग पहचान

जगदीश मालवीय ने अपने लगभग चार दशक के गौरवशाली एवं निष्कलंक सेवाकाल में प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जनसंपर्क विभाग की कार्यप्रणाली को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वे अपनी सहज कार्यशैली, सरल स्वभाव एवं मीडिया के साथ सकारात्मक संबंधों के लिए विशेष रूप से पहचाने जाते हैं।

धार जिले की बदनावर तहसील के निवासी मालवीय ने अपनी प्रारंभिक एवं महाविद्यालयीन शिक्षा बदनावर में प्राप्त की। वर्ष 1988 से जनवरी 1993 तक उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्वालियर में सेवाएं दीं।

**▸ कई जिलों में दी सेवाएं**

बालाघाट में सेवाएं देने के बाद वे वर्ष 1993 से जून 1996 तक रतलाम जिले में पदस्थ रहे। जुलाई 1996 में उनका स्थानांतरण मंदसौर जिले में हुआ, जहां उन्होंने जनसंपर्क गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित किया। वर्ष 1998 में नीमच जिले के गठन के साथ ही उनकी पदस्थापना जिला जनसंपर्क कार्यालय नीमच में हुई और उन्होंने जिले की जनसंपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।